### रांची विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

# नवाचार व शोध पर अपना ध्यान केंद्रित करें विद्यार्थी : राज्यपाल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने रांची विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं है। बल्कि यह चरित्र निर्माण, नैतिकता और समाज के प्रति संवेदनशीलता की सीख देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नवाचार, शोध और व्यावहारिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली बेटियों की सराहना करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान ने शिक्षा और आत्मनिर्भरता के नये द्वार खोले हैं। उन्होंने झारखंड के प्राकृतिक संसाधनों के सतत विकास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय को जनजातीय समाज, पर्यावरण, जैव विविधता और पारंपरिक चिकित्सा जैसे विषयों पर अनुसंधान को बढ़ावा देना चाहिये। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न्यू इंडिया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की दिशा में हो रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने युवाओं से ष्विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान देने की अपील की। झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुये कहा कि भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू कान्हू, फूलो झानो, नीलांबर पीतांबर जैसे वीरों के संघर्ष केवल इतिहास नहीं, बल्कि प्रेरणा के स्त्रोत हैं। इस अवसर पर कुलपति समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### सिरमटोली सरना स्थल के अस्तित्व को बचाने के लिए बनायी मानव श्रृंखला

# आदिवासी संगठनों ने फ्लाईओवर के रैंप को बताया आस्था पर प्रहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सिरमटोली सरना स्थल के अस्तित्व को बचाने की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों ने शुक्रवार को राजधानी में हरमू रोड श्रद्धानंद चौक से हरमू मैदान तक लंबा मानव श्रृंखला बनायी। हजारों की संख्या में आदिवासी महिला-पुरूष हाथों में तखित्यां लेकर सहजानंद चौक से लेकर बिरसा चौक तक कतारबद्ध होकर खड़े रहे। उनकी मांग केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली के सामने फ्लाईओवर में रैंप निर्माण का विरोध किया और सरकार से अविलंब इसे हटाने की मांग भी की।

केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि झारखंड के आदिवासी मुख्यमंत्री आदिवासियों के मामले में ध्यान नहीं दे रहे हैं। सिरमटोली फ्लाईओवर मामला में राज्य सरकार के मंत्री आदिवासी समाज को बरगलाने एवं झूठे वादे कर रहे हैं। केन्द्रीय सरना स्थल से छेड़छाड़ करना आदिवासी समाज के साथ बहुत बड़ा आघात है। प्रकृति महापर्व सरहुल पर्व से पहले इस मामले को ठीक नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में आदिवासी समाज आंदोलन करने पर बाध्य होगा जिसकी जवाबदेही राज्य सरकार की होगी।

मुख्य पहान श्री जगलाल पहान ने कहा कि फ्लावर के रैंप को अति शीघ्र हटा दिया जाए ताकि जुलूस में किसी तरह की आने-जाने में दिक्कत ना हो। भविष्य में आदिवासियों की किसी भी तरह के धार्मिक सामाजिक स्थलों के साथ सरकार छेड़छाड़ ना करे। वहीं, सरना समिति के अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरना स्थल के समीप सिरमटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर का रैंप उतार दिया जा रहा है। यह रैंप हमारी आस्था पर प्रहार है, इसे अविलंब हटाना चाहिए। एक अप्रैल को सरहुल का जुलूस है, भारी संख्या में राजधानी के चारों ओर से लोग यहां पहुंचेंगे। ऐसे में रैंप के होने से काफी परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान सरहुल का झंडा निकालने में भी दिक्कत होगी इसलिए इसे अविलंब हटाकर आगे या पीछे बनाना चाहिए।




#### फ्लाईओवर की डिजाइन बदलने का प्रयास जारी

इधर, सिरमटोली फ्लाईओवर बना रही कंपनी के पदाधिकारियों और पथ निर्माण विभाग के इंजीनियरों ने बताया कि यह प्रयास हो रहा है कि फ्लाईओवर से किसी को कोई परेशानी न हो। जल्द ही इसका नये डीपीआर के अनुसार इसकी डिजाइन बदली जायेगी। फ्लाईओवर को और उपर उठाया जायेगा।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य पहान जगलाल पहान, महादेव टोप्पो, मुकेश मुंडा, राकेश मुंडा, अंजन मुंडा, आशीष मुंडा, हेमंत मुंडा, नरेश मुंडा, राजू पहान, मुन्ना हेम्ब्रोम, मनीष उरांव, रंजीत उरांव, संदीप उरांव, अक्षत हेमरोम, सुमित टोप्पो, सुरज टोप्पो, अमित मुंडा, मोहन तिर्की, विजय कुमार उरांव, रवि मुंडा समेत सैकड़ों आदिवासी संगठन के लोग थे।

# गर्वमेंट ई-मार्केटिंग पोर्टल पर खरीद प्रक्रिया को लेकर जिला प्रशासन ने कार्यशाला आयोजित की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को गर्वमेंट ई-मार्केटिंग से संबंधित प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विभिन्न कार्यालयों के प्रधान अपने तकनीकी कर्मियों के साथ उपस्थित थे। इस दौरान गर्वमेंट ई-मार्केटिंग स्टेट टीम ने पोर्टल के माध्यम से सरकारी विभागों और कार्यालयों के लिए वस्तुओं की खरीद प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने की जानकारी दी। टीम ने गर्वमेंट ई-मार्केटिंग पोर्टल पर पंजीकरण, उत्पादों की सूची, खरीद प्रक्रिया और भुगतान प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित कार्यालय प्रमुखों ने गर्वमेंट ई-मार्केटिंग पोर्टल से जुड़ी शंकाओं और प्रश्नों को भी रखा, जिनका समाधान स्टेट टीम द्वारा किया गया। जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य सरकारी खरीद को डिजिटल और पारदर्शी बनाना है, जिससे प्रक्रियाओं में गति आए और अनावश्यक देरी से बचा जा सके।

**अबुआ साथी से 'टॉक टू डीसी' तक आज से :** रांची जिला प्रशासन आम जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग कर रहा है। अबुआ साथी हेल्पलाइन (9430328080) के जरिए समस्याओं का समाधान किया जा रहा है और अब प्रशासन एक नए मंच 'टॉक टू डीसी' की शुरूआत करने जा रहा है।

इस पहल के तहत ग्रामीण अपनी समस्याएं सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्रों से दर्ज कर सकेंगे। शिकायतों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री स्वयं सुनेंगे। पंचायत भवनों में लोगों को एकत्र होने की सुविधा दी जाएगी, जहां वे सीधे समस्याएं प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे।

## चान्हो मामले में चार अपराधी गिरफ्तार



**रांची।** राज्य के पुलिय महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने बताया कि बुधवार की देर रात चान्हो स्थित आनंदशीला आश्रम के साधु मुकेश साह और राजेंद्र यादव हत्याकांड मामले में शामिल चार अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनकी पहचान जितेंद्र यादव, अरविंद यादव, सूरज पाहन और अफरोज अंसारी के रूप में हुई है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से आश्रम से लूटे गए रुपये, चांदी की चेन और हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद हो चुका है। वारदात में शामिल दो अन्य अपराधियों की तलाश जारी है।

## अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर हुई गोलीबारी की ली जिम्मेवारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर गोलीबारी की घटना का जिम्मा लिया है। मयंक सिंह ने सोशल मीडिया पर प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि बिपिन मिश्रा पर हुए हमले की जिम्मेवारी लेता हूं। बिपिन मिश्रा बच गया पर मेरी कोशिश जारी रहेगी। पूरे झारखंड में बिपिन मिश्रा के लिए काम करने वाले सभी पेटी को-कॉन्ट्रैक्टर, सब कॉन्ट्रैक्टर और ट्रांसपोर्टर को चेतावनी है कि बिपिन मिश्रा का काम बंद करो। किसी भी दूसरे गिरोह के बल पर कितना दिन काम करोगे मिश्रा.. ??? गौरतलब है कि अज्ञात अपराधियों ने कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा को गोली मार दी।

ज्ञात हो कि यह घटना शुक्रवार को बरियातू थाना क्षेत्र में स्थित सेंट्रल अकादमी स्कूल के पास हुई है। गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए, वहीं मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों के द्वारा विपिन मिश्रा को मेडिका हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

#### पांच साल पहले भी अमन साहू ने रची थी हत्या की साजिश

साल 2020 में भी अमन साहू ने लेवी के लिए विपिन मिश्रा समेत तीन कारोबारी के हत्या की साजिश रची थी। चुटिया स्थित पावर हाउस के समीप एक घर में जुटे पांच शूटरों ने पुलिस पूछताछ में उन तीन कोयला व्यवसायियों के नाम बताए हैं, जिन्हें मारने के लिए पूरी तैयारी की जा चुकी थी। गिरफ्तार शूटर अभिजीत कुमार सिंह उर्फ सेंटी सिंह ने बताया था, कि अमन साव ने कोयला कारोबारी विष्णु अग्रवाल, राजेंद्र साव और विपिन मिश्रा की हत्या करने के लिए सुपारी दी थी। इन तीनों की हत्या करने के बाद अमन साव ने एक अन्य कोयला व्यवसायी का नाम बताने को कहा था।

## फिल्म फेस्टिवल सायना योर का फिर से शुरू हुआ आगाज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के फादर सी डिब्रावर सभागार में शुक्रवार को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग व आईक्यूएसी के सहयोग से एक दिवसीय स्टूडेंट फिल्म फेस्टिवल ष्द कमबैक ऑफ सायनाश्योर का आयोजन किया गया। यह आयोजन चूल्हा चौकी व जेड एक्सप्रेस कैटरिंग द्वारा प्रायोजित था। ज्ञात हो विगत 2010 से शुरूआत हुई कॉलेज में सायनाश्योर फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होता आ रहा था। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों द्वारा निर्मित फिल्में को मंच देना है। फिल्म फेस्टिवल के आयोजन में संत जेवियर्स कॉलेज के छात्रों के सहित रांची के लगभग 14 कॉलेजों के छात्रों के खुद की बनाई हुई फिल्म देखने को मिली। विभागाध्यक्ष डॉ संतोष कुमार किड़ो ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे ने कहा कि फिल्म समाज को समाज के समक्ष रखता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए सभी को भविष्य के लिए उत्साहित रहने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष वाल्टर भेंगरा ने पत्रकारिता के सफर में अपना अनुभव साझा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में परीक्षा नियंत्रक प्रोण बी के सिन्हा, उप प्राचार्य डॉ फादर अजय मिंज, एसजे पूर्व प्राचार्य डॉ फादर एन लकड़ा, प्रसिद्ध फिल्ममेकर मेघनाथ, आईक्यूएसी संयोजक डॉ शिव कुमार, प्रो सुशील कुमार, मोनिका मुंडू, बीजू टोप्पो आदि उपस्थित थे।

# अनशन के तीसरे दिन चार प्रदर्शनकारियों की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में इलाजरत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** नगर निगम सफाईकर्मियों और उनके परिजनों का अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा, लेकिन इस बीच चार प्रदर्शनकारियों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। गंभीर हालत में उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अनशनकारी अपनी मांगों पर अड़े हैं और बिना रिक्ति के भी अनुकंपा नियुक्ति की मांग कर रहे हैं।

**पांच महीने से अटका मामला, परिजन परेशान :** मृत सफाईकर्मियों के 120 परिजन अनुकंपा नियुक्ति की मांग कर रहे हैं, लेकिन नगर निगम अब तक सिर्फ 52 मामलों को जिला स्थापना समिति को भेज पाया है। बाकी आवेदनों पर कोई निर्णय नहीं हुआ है क्योंकि निगम में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पद खाली नहीं हैं।

**2010 की तरह मिले राहत, नहीं तो उग्र आंदोलन :** प्रदर्शनकारियों का कहना है कि 2010 में बिना पद रिक्त हुए भी 55 लोगों को नौकरी दी गई थी, तो इस बार उनके साथ भेदभाव क्यों? परिजनों का आरोप है कि नगर निगम प्रशासन लापरवाह बना हुआ है, जिससे वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

**समाधान नहीं तो और तेज होगा आंदोलन :** प्रदर्शनकारियों ने साफ कर दिया है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो अनशन और उग्र होगा। अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस गंभीर मसले का हल निकालता है या सफाईकर्मियों के परिवारों को और संघर्ष करना पड़ेगा।

## नगर निगम ने कचरा प्रबंधन पर चलाया जागरूकता अभियान

**रांची।** नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ बनाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोगों को कचरा प्रबंधन के सही तरीकों के बारे में जानकारी दी जा रही है। निगम द्वारा जारी पोस्टर के अनुसार, नागरिकों से तीन महत्वपूर्ण सहयोग मांगे गए हैं- गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, कचरा सिर्फ नगर निगम की गाड़ियों को देने और इसे खाली जगहों पर न फेंकने की अपील की गई है। इसके साथ ही, यदि कचरा उठाने में किसी को कोई असुविधा हो, तो नगर निगम से संपर्क करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 9204822445 भी जारी किया गया है।

नगर निगम का यह अभियान 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य शहर को कचरा मुक्त और स्वच्छ बनाना है। प्रशासन ने नागरिकों से इस पहल में सहयोग करने की अपील की है, ताकि रांची को एक स्वच्छ और सुंदर शहर बनाया जा सके।

## अबुआ आवास में बालू के लिए मचा है त्राहिमाम : कुशवाहा शशिभूषण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सदन में कहा कि अबुआ आवास में बालू के लिये त्राहिमाम मचा हुआ है। पीएम आवास योजना के तहत 1.20 लाख देने का प्रावधान है। इसे बढ़ाने पर राज्य सरकार को आग्रह करना चाहिये। अबुआ आवास के तहत एक लाख 45 हजार 886 आवास बनना था। इसमें 24 हजार 249 आवास ही बना। मनरेगा का कांम कागजों पर हो रहा है। अमानत नदी में 2017 में पुल निर्माण का काम शुरू हुआ था। पानी आया सब बह गया। आज 2025 हो गया न जांच हुई न कार्रवाई। फूलो-झानो योजना के प्रति लोगों को जागरूक नहीं कराया गया। पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण मिलना चाहिये। उन्होंने कहा कि पलामू में सड़क नहीं है। सड़क ऐसी है कि एक्सीडेंट हो जाने पर लाश को सात से आठ किलोमीट ले जाना पड़ता है। मनातू में पड़ैया आदिमजनजाति के लिये न बिजली है, न सड़क और न ही आधारकार्ड है। पांकी में पांच सड़क का टेंडर हुआ था। इसमें दो सड़क वित्त मंत्री के क्षेत्र की है। पिछले महीने कंपनी को डिबार भी कर दिया गया। एसडीआर तकनीक से सड़क का निर्माण होना था। अब तक सड़क नहीं बन पाई है।

# महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा : सीसीएल ने आयोजित की स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी-सह-विक्रय का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य उन महिलाओं की प्रेरणादायक यात्रा का जश्न मनाना था, जिन्होंने एसएचजी के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति सशक्त बनाई और सामाजिक प्रगति में योगदान दिया।

कार्यक्रम में कोयला मंत्रालय, भारत सरकार की अपर सचिव सुश्री रुपिंदर बरार, कोल इंडिया लिमिटेड के निदेशक (एचआर) विनय रंजन, विभिन्न अनुषंगी कंपनियों के निदेशकगण और सीएमडी (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पद्मश्री चामी मुर्मू, जो झारखंड की प्रसिद्ध पर्यावरणविद् एवं लेडी टार्जन के नाम से जानी जाती हैं, ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सीसीएल के सीएमडी, निदशेक मंडली एवं सीवीओ भी मंच पर मौजूद रहे।

**सीएसआर परियोजनाओं का उद्घाटन :** सीसीएल की सामुदायिक सेवा प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, सुश्री रुपिंदर बरार ने दो महत्वपूर्ण सीएसआर परियोजनाओं- शांति सदन वार्ड और आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन किया। कार्यक्रम में 10 गैर-सरकारी संगठनों ने भाग लिया और अपने उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की।

यह कार्यक्रम उन महिलाओं की सफलता का उत्सव था, जिन्होंने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भरता हासिल की और समाज में अपनी पहचान बनाई। सीसीएल की सीएसआर पहल महिला-केंद्रित कार्यक्रमों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो उद्यमिता, कौशल विकास और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देते हैं। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर सीसीएल परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर मेडिका अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा कैंसर जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें सीसीएल की महिला कर्मचारियों और आस-पास की महिलाओं ने भाग लिया।

# महिला दिवस पर सीएमपीडीआई ने लाभार्थियों को दिया प्रमाण पत्र



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड के स्वर्ण जयंती समारोह के एक हिस्से के रूप में सीएमपीडीआई द्वारा शुक्रवार को अपने क्षेत्रीय संस्थान-2, धनबाद में 20 महिला लाभार्थियों को पाठ्यक्रम पूर्णता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। मौके पर क्षेत्रीय संस्थान-2-धनबाद के क्षेत्रीय निदेशक संजीव एम. सिंह ने सामाजिक निगमित दायित्व पहल के तहत चिकित्सा उपकरण सहायक तकनीशियन के रूप में 4 महीने का प्रशिक्षण प्राप्त 20 महिला उम्मीदवारों को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम प्रशिक्षण पूर्णता प्रमाण-पत्र और 6 महिला उम्मीदवारों को काय का प्रस्ताव पत्र सुपुर्द किया।

कोल इंडिया के क्षेत्राधीन महिला के बीच स्वास्थ्य सेवा शिक्षा को बढ़ावा देने और रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए सीएमपीडीआई ने प्रमिथ फाउंडेशन, धनबाद के साथ मिलकर झरिया कोलफील्ड क्षेत्रों की 20 महिलाओं को चिकित्सा उपकरण सहायक तकनीशियन का प्रशिक्षण प्रदान किया था। सभी महिलाओं को हेल्थकेयर सेक्टर स्किल काउंसिल, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 510 घंटे का प्रशिक्षण मिला था। यह पहल सीएमपीडीआई के सामाजिक निगमित दायित्व प्रयासों का एक हिस्सा है और यह क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने और स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## राज्यपाल से मिले जेपीएससी के अध्यक्ष

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष एल. खियांगते ने शुक्रवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राज भवन में मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने आयोग के कार्यों की समीक्षा करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और गति लाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि आयोग को खोई हुई विश्वसनीयता पुन: प्राप्त करनी होगी। जिससे छवि बेहतर हो और विद्यार्थियों की शिकायतें दूर हों।

## एनएलयू के कुलपति राज्यपाल से मिले

**रांची।** पलामू स्थित नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति डॉ डीके सिंह ने शुक्रवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से भेंट की। राज्यपाल ने कुलपति से विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा की स्थिति में सुधार के लिए व्यापक प्रयास करने को कहा। विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध कराने, शैक्षणिक कैलेंडर के पालन और सत्र नियमित करने के निर्देश दिया।

